विवरण

पंजाब में 1988, 1989 तथा 1990 में जनवरी से जून के दौरान आतंकवादियों द्वारा मारे गए व्यक्तियों की संख्या, मारे गए पुलिस/सुरक्षा कार्मिकों की संख्या तथा मारे गए आतंकवादियों की संख्या का विवरण (पंजाब सरकार द्वारा यथा प्रस्तुत)

	अवधि	जनवरी से जून तक	
	1990	1989	1988
1. मारे गए व्यक्तियों की संख्या	939*	564*	1266*
2. मारे गए पुलिस/सुरक्षा कार्मिकों की संख्या . .	128	57	63
3. मारे गए आतंकवादियों की संख्या	468	336	182

*मारे गए पुलिस/सुरक्षा कार्मिकों सहित ।

भारत-पाक सीमा पर कंटीले तारों की बाड़

170. डा० रत्नाकर पाण्डेय :
श्री सुभग लाल शर्मा :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में भारत-पाक सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने का काम कब शुरू होगा तथा यह काम कब तक पूरा हो जायेगा ; और

(ख) इस कार्य से आतंकवाद को रोकने में किस प्रकार सहायता मिलने की संभावना है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) पंजाब में भारत-पाक सीमा के कुल 120कि०मी० के क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा 236 कि० मी० क्षेत्र बाड़ लगाने के काम को मंजूरी दी जा चुकी है ।

(ख) पंजाब में भारत-पाक सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ आतंकवादियों की घुसपैठ और अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में सीमा पार से आने वाले शस्त्र और गोलाबारूद को रोकेगी ।

जम्मू और काश्मीर में मारे गए लोग

171. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1990 के पहले छः माह के दौरान जम्मू और काश्मीर में आतंकवादियों द्वारा कितने लोग मारे गये ; और

(ख) वहां स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि 1990 के प्रथम छः महीनों के दौरान जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा 299 व्यक्ति मारे गये ।

(ख) सुरक्षा बल अनेक कारगर उपायों द्वारा उग्रवादियों पर दबाव बनाए हुये हैं । सीमा पर सतर्कता और सुदृढ़ कर दी गई है और सीमा के साथ-साथ घुसपैठ विरोधी उपाय किए गए हैं । आसूचना ढांचे को मजबूत किया गया है । कड़े उपायों के परिणामस्वरूप हाल के महीनों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों को गिरफ्तार करना और बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला-बारूद बरामद करना संभव हुआ है ।